हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जून 2026

04 भर्ती करने लगाती रही गुहार, अस्पताल...



07 सुविधा देने के बजाए नागरिकों को परेशानी में ...





## खबर संक्षेप

### बंडा सिंचाई परियोजना अंतर्गत ग्राम पिपरिया में विस्थापन की कार्यवाही

**सागर।** बंडा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम पिपरिया ईल्लाइ में आज विस्थापन की कार्यवाही की गई। प्रशासनिक अधिकारियों एवं राजस्व विभाग की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रभावित परिवारों का विस्थापन किया गया। कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 18 जून दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन की जाएगी बैठक में राहत शाखा / राजस्व आंकिक / व.लि.-4/ स्थापना शाखा/सी.एम. मानिट/भू अर्जन / नजारत शाखा / न्यायिक शाखा के प्रभारी अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (समस्त), परियोजना अधिकारी शहरी विकास प्राधिकरण, अधीक्षक, 4भू-अभिलेख, तहसीलदार / अपर तहसीलदार / नायब तहसीलदार (समस्त) समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में आर सी एम एस प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा, नजूल निर्वतन निर्देश एवं लंबित प्रकरण, बिस्क, लोक सेवा केन्द्रो के माध्यम से नकलों का प्रदाय, लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण व अभिलेख का संधारण, कार्यालयों म रैन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थिति, आदेश उपरांत अभिलेख का राजस्व रिकार्ड में अमल होना, रिकार्ड का डिजीटलाईजेशन, भू अभिलेख संबंधी कार्य समीक्षा, फार्मर रजिस्ट्री राजस्व वसूली की प्रगति, लंबित ऑडिट प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

### नीट परीक्षा संचालन हेतु कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपा कार्यभार

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के सुचारू संचालन हेतुनोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन एवं सहायक नोडल अधिकारी नायव तहसीलदार सहा.अधी. भू-अभिलेख हरीश लालवानी को सम्पूर्ण परीक्षा व्यवस्था का कार्यभार सौंपा है। इसी प्रकार प्रेमनारायण नायव तहसीलदार जैसीनगर को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1 केन्ट सागर, प्रतीक रजक नायव तहसीलदार सागर नगर को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 3 राजघाट रोड नियर किशोर न्यायालय सागर, राहुल गौड, प्रभारी तहसीलदार सागर ग्रामीण को आर्मी पब्लिक स्कूल सागर कोरेगांव कैंट सागर, प्रवीण दुबे नायब तहसीलदार सागर ग्रामीण को शास. उत्कृष्ट उच्च माध्य. विद्यालय नगर निगम के सामने, बस स्टैंड के पास सागर एवं श्री अनिल अहिरवार नायव तहसीलदार रहली को शास. कन्या महाविद्यालय सागर बस स्टैंड के पास सागर परीक्षा केंद्रों का कार्यभार सौंपा।

### रोजगार की पढाई , चलें आईटीआई, प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 30 तक

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के युवाओं के लिए, उनके रोजगार हेतु आई.टी.आई प्रवेश लेने और कौशल शिक्षा प्राप्त करने का संदेश दिया है। कलेक्टर पाल ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा है कि, हमारे देश और प्रदेश की उन्नति का सबसे मजबूत आधार हमारे युवाओं का कौशल है। जब आपके हाथों में हुनर होगा, तो रोजगार के अवसर खुद-ब-खुद आपके पास आएंगे। उन्होंने कहा है कि आपको यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि सागर जिले की समस्त शासकीय आई टी आई में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यदि आप 8वीं, 10वीं या 12वीं पास हैं और अपने भविष्य को एक नई व सुरक्षित दिशा देना चाहते हैं, तो यह आपके लिए सबसे बेहतरीन अवसर है।

## राहतगढ़ जनकल्याण शिविर के द्वितीय दिवस में शामिल हुए मंत्री राजपूत

# जनहितैषी सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही हैं : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों दिलाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत प्रांगण राहतगढ़ में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किया जा रहा है। 16 से 18 जून तक आयोजित इस शिविर के द्वितीय दिवस में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए जिनसे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया जा रहा है तथा प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जनहितैषी सरकार है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मुहैया कराया जा सके।

मंत्री राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को आवेदन तैयार कराने अथवा जमा करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो संबंधित अधिकारी उनकी सहायता सुनिश्चित कराएं तथा आवेदन बनवाकर योजनाओं का लाभ मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि यह तीन दिवसीय शिविर 16 से 18 जून तक आयोजित किया जा रहा है तथा अधिकारी सुबह से शाम तक नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए उपलब्ध हैं। ऐसे में अधिक से अधिक नागरिक शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने अधिकारियों से बिना किसी लापरवाही के समयबद्ध कार्य करते हुए आमजन को योजनाओं का लाभ मुहैया कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंत्री राजपूत ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सामाजिक कल्याण पेंशन सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों एवं दिव्यांगजनों को हितलाभ संबंधी प्रमाण-पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मंच से नीचे उतरकर दिव्यांगजनों के बीच पहुंचे तथा उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए और पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन राज कुमार कपूर ने किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मीना राजू आदिवासी, विनोद कपूर, शैलेंद्र श्रीवास्तव, रामकुमार यादव, रामकुमार तिवारी, सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रियंक तिवारी, रामशरण राय, नेकीराम खटीक, राम शंकर कटारे, अनिल राय प्रवीण गोस्वामी, शैतान सिंह राजपूत, पूरण दास कबीरपंथी, एसडीएम रोहित वर्मा, सीईओ निलेश मौर्य, तहसीलदार निर्मल सिंह राठौड़ नायब तहसीलदार राजकुमार शुक्ला, दिनेश असाटी, एपीओ विजय तिवारी, बी ई ओ मोनिश कार्लो सहित अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### खुरई में 8 से ज्यादा आरओ प्लांट बिना लाइसेंस संचालित : बिना जांच पानी की सप्लाई



**खुरई।** शहर में आठ से अधिक आरओ प्लांट बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। ये प्लांट बिना किसी जांच के पानी की आपूर्ति कर रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए ये कारोबारी तय मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। ये संचालक भूमिगत जल को रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) प्रक्रिया से फिल्टर कर आरओ वाटर के नाम पर बेच रहे हैं। शहर में प्रतिदिन लाखों लीटर पानी प्लास्टिक के जारों में भरकर 20 से 30 रुपये प्रति जार की दर से बेचा जा रहा है। लोग भी बिना गुणवत्ता जांचे इस पानी की खरीदारी कर रहे हैं। नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से कोई जांच नहीं की गई है। विभाग ने न तो पानी की गुणवत्ता जांची और न ही इसके नमूने लिए, जिससे उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में खुरई के सीएमओ मेहतेले ने बताया कि आरओ प्लांट संचालकों को नोटिस जारी कर उनके प्लांट से संबंधित जानकारी मांगी गई है।

## खुरई में सूने मकान से सोने-चांदी के गहने चोरी, नर्मदा स्नान करने गया था परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

देहात थाना क्षेत्र के नरोदा गांव में एक परिवार के घर चोरी की वारदात सामने आई है। परिवार सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर जेवरात चोरी कर लिए।

#### घर लौटने पर मिला बिखरा सामान

नरोदा निवासी भावसिंह कुशवाह (40) ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ नर्मदा स्नान के लिए गए थे। वापस लौटने पर घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी कटी हुई मिली। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी।

जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखी सोने की अंगूठी और करीब 250 ग्राम वजन के चांदी के कंगन गायब हैं।

#### गांव में पहले भी हुई थीं चोरियां

भावसिंह ने बताया कि गांव लौटने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि दो दिन पहले भी गांव में चोरी की कई घटनाएं हुई थीं। चोरों ने एक किराना दुकान, एक अन्य सूने मकान और खेतों में लगी तारफेंसिंग को भी निशाना बनाया था।

#### पुलिस ने शुरू की जांच

खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि नरोदा गांव के एक व्यक्ति द्वारा चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सागर में 21 को आएगी इंदिरा ज्योति अभियान यात्रा



**सागर।** सम्यक अभियान द्वारा संचालित 4 वर्षीय 'इंदिरा ज्योति अभियान यात्रा' आगामी 21 जून दिन रविवार को सागर आ रही है। इस दौरान शहर में एक भव्य पदयात्रा और विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने और रूपरेखा तैयार करने के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय सागर (ग्रामीण) पद्माकर नगर मकरोनिया में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक सम्यक अभियान की प्रदेश समिति के सदस्य व पूर्व मंत्री हर्ष यादव के मुख्य आतिथ्य और सम्यक अभियान के जिला संयोजक जगदीश यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा एवं महेश जाटव ने की। बैठक के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यात्रा के भव्य स्वागत, पदयात्रा के रूट और जनसभा के लिए उपयुक्त स्थान के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की और जिम्मेदारियां सौंपीं। वक्ताओं ने कहा कि यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है और सागर में इसका ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार, संगठन महामंत्री आशीष ज्योतिषी, राजकुमार धनोरा, उपाध्यक्ष अभिषेक गौर जतिन चौकसे, प्रवक्ता सूर्या शुक्ला, कार्यालय प्रभारी मनोज पवार, युवक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी, हेमंत लारिया, मनोज राय, इदरीश खान, अशफाक खान, महेंद्र यादव, एड.धन सिंह अहिरवार, पार्षद रिचा सिंह गोंड़, मौजूद थे।

## दिव्यांग रोजगार मेले में 53 दिव्यांगजनों का पंजीयन

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मंगलवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सागर में दिव्यांग रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 53 दिव्यांगजनों का बायोडाटा प्राप्त किया गया। रोजगार मेले में अहमदाबाद स्थित निजी कंपनी एम/एस एटिपिकल एडवांटेज प्राइवेट लिमिटेड के मानव संसाधन प्रतिनिधि द्वारा दिव्यांगजनों के साक्षात्कार लिए गए। वहीं, नेशनल करियर सर्विस सेंटर, जबलपुर के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों को कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की। साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान 50 दिव्यांगजनों के दस्तावेज चयन की आगामी प्रक्रिया के लिए जमा किए गए। यह पहल दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेले में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. डी.एस. यादव, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रशासनिक अधिकारी शानू हरषे, कुलदीप पटेल सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नरवाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीक बताई, कृषि यंत्रीकरण पर जोर

# खुरई की इंडो-जर्मन कार्यशाला में प्राकृतिक खेती पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई




खुरई में आयोजित इंडो-जर्मन कार्यशाला के दूसरे दिन देश-विदेश के कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर किसानों के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में भोपाल से आए डॉ. के.एन. अग्रवाल ने पराली एवं नरवाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों पर प्रकाश डाला। जिला उद्योग केंद्र सागर से कमलेश मगरधे ने बताया कि नरवाई प्रबंधन में उपयोग होने वाले कृषि यंत्रों में आवश्यक संशोधन कर उन्हें अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने इन यंत्रों के निर्माण और विपणन में व्यापक संभावनाओं पर भी जोर दिया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण तेजी से बढ़ रहा है और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से खेती अधिक लाभकारी एवं प्रभावी बन रही है। टाटा ट्रस्ट के कुलवीर सिंह बरार ने नरवाई प्रबंधन एवं फसल अवशेषों के वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी दी। वहीं, डॉ. होम्स बाली ने प्राकृतिक खेती के महत्व, कृषि अवशेषों के समुचित उपयोग तथा एनएमएनएफ के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

दूसरे सत्र में फसल अवशेष प्रबंधन एवं सतत कृषि पद्धतियों पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। इस सत्र में डॉ. जितेंद्र कुमार, राकेश गुप्ता, कुलवीर सिंह बरार, डॉ. होम्स बाली, अरविंद जैन सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिसके स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देकर किसानों की लागत कम की जा सकती है और मिट्टी की उर्वरता को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है।तीसरे सत्र में एग्रो-इकोलॉजी एवं प्राकृतिक खेती विषय पर परिचर्चा हुई, जिसमें डॉ. के. एन. अग्रवाल, अरविंद जैन, महेंद्र चिवले और कमलेश मगरधे सहित अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय उनके वैज्ञानिक प्रबंधन एवं उपयोग से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है।

## डॉ कविता शुक्ला को मिली संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली से कनिष्ठ फेलोशिप, दी बधाई



**सागर।** कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपूर्ण भारत में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रति वर्ष वरिष्ठ और कनिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती हैं। इस बार साहित्य के क्षेत्र में नगर की जानी मानी संस्कृतिविद, श्रुतिमुद्रा सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा डॉ कविता मुन्ना शुक्ला को यह वरिष्ठ फेलोशिप प्रदान की गई है। देश के संस्कृति जगत में सागर नगर का नाम फिर से ऊँचा करने पर श्यामलम अध्यक्ष उमाकांत मिश्र, शिवरतन यादव, आदर्श संगीत महाविद्यालय के अध्यक्ष सुभाष कंदया, सचिव डॉ सिद्धार्थ शंकर शुक्ला, डॉ राकेश सोनी, निधि जैन, डॉ शांभवी शुक्ला मिश्रा, डॉ अवधेश तोमर, डॉ राहुल स्वर्णकार, डॉ सुजाता मिश्रा, डॉ अर्चना पांडे, रवींद्र दुबे, मनोज सोनी, मनोज तिवारी, डॉ प्रफुल्ल स्वाति हलवे इत्यादि कलाप्रेमियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बहुत बधाई प्रेषित की है।



### संतों के चरणों का आश्रय लेने से निश्चित ही भगवान के दर्शन होते हैं : पुष्पा शास्त्री

**सागर।** सागर स्टेट कॉलोनी में आयोजित पंच दिवसीय श्री राम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पुष्पा शास्त्री जी ने बताया मां सीता की खोज करते हुए भगवान मतंग मुनि के आश्रम पधारे जहां पर भक्ति मती माँ सबरी जी भगवान की बाल्यकाल से प्रतीक्षा कर रहीं थी भगवान ने शबरी जी को नवधा भक्ति बताई कथा में बताया भगवान की पहली भक्ति है। संतों का संग संतों के चरणों का आश्रय लेने से निश्चित ही भगवान के दर्शन होते हैं । भगवान की भेंट सुग्रीव जी, हनुमान जी से हुई हनुमान जी माता सीता की खोज करने लंका जाते हैं। लंका में विभीषण जी से भेंट होती है। सीता मां के दर्शन करके हनुमान जी मां सीता जी का संताप दूर करते हैं। भगवान बानर सेना के साथ में समुद्र के पार जाके रावण से युद्ध करते हैं विजय प्राप्त करके पुनः भगवान अयोध्या आते हैं और आज बड़े धूम धाम से भगवान का राज्याभिषेक होता है। अपने मन मंदिर में राम राज्याभिषेक करने से जीवन आनंद एवं सुखमय व्यतीत होता है। मुख्य यजमान रमा किशोरीलाल श्रीवास्तव ने आरती की। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने व्यास गादी की पूजा उपरांत सनातन धर्म की महत्ता बतलाते हुए धर्म का आचरण अपनाने पर जोर दिया। रामकथा सुनने श्रीरघुवीर सिंह, अमृतलाल, राजेश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, गौरव, शास्वत, कपिल बैसाखियां, एम एल चतुर्वेदी, राजेंद्र मिश्रा, गणेश सैनी, पंडित सचिन तिवारी, पंडित अनुज, पंडित निखिल, अमृत लाल सोनी, राकेश तिवारी, राजवीर सिंह, प्रकाश राय, अवध चौबे, एस आर सिंह, श्याम लाल झरिया, रजनी, रश्मि, पीताम्बरा, दुर्गा साहू, उषा श्रीवास्तव, राम पंडित, मनीष पंडित सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



### समर कैंप का भव्य समापन, बच्चों ने प्रस्तुत की प्रतिभा और रचनात्मकता की अनूठी मिसाल

**सागर।** यशोदा बाई शिक्षण संस्थान एवं श्री विद्याश्रम पब्लिक स्कूल, सागौनी पुरैना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समर कैंप का भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार वृन्दावन राय सरल ,मुख्य अतिथि पी.आर. मलैया, विशिष्ट अतिथि देवी सिंह राजपूत, सारस्वत अतिथि महंत बलराम दुबे राम राज सिंह, रामजी तिवारी, जीवन प्रजापति, नर्मदा रजक, रमेश रजक थे। कार्यक्रम का संचालन अमित आठिया ने किया। समर कैंप शिक्षक मधुर गोस्वामी नृत्य शिक्षक आयूष मेहरा के साथ प्राची राजपूत, सिमरन राजपूत, रानी राजपूत, आयूष सिंह राजपूत ने विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को योग, क्ले आर्ट (मिट्टी कला), खेल-कूद, व्यक्तित्व विकास, समूह गतिविधियां, रचनात्मक कार्य एवं मनोरंजक शिक्षण के माध्यम से नई-नई जानकारियां एवं कौशल प्रदान किए गए। समापन समारोह में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मिट्टी से निर्मित विभिन्न कलाकृतियों, राष्ट्रीय प्रतीकों, घरों, पेड़-पौधों एवं अन्य आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

### पौधरोपण प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**सागर।** वन परिक्षेत्र सागर अंतर्गत बीट भिलैया में पौधारोपण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सागर वरुण यादव एवं उपवनमण्डल अधिकारी दक्षिण सागर विनीता जाटव ने पौधारोपण संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान यादव ने वृक्षारोपण के समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी तथा स्थानीय समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग वृक्षारोपण गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा आंवला, हर्रा, बहेड़ा, बेल सहित अन्य फलदार एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधे रोपित किए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में ग्रामीणों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सागर लखन सिंह ठाकुर सहित सागर, ढाना एवं गढ़ाकोटा का वन अमला उपस्थित रहा। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों में ग्राम गुरैया के सरपंच अजब सिंह राजपूत तथा ग्राम बिहारीखेड़ा के सरपंच दयाराम कुर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नाराज परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम, अब पैनल करेगी पोस्टमार्टम

# भर्ती करने लगाती रही गुहार, अस्पताल से बाहर निकलते ही महिला की थमी सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला अस्पताल के गैरजिम्मेदाराना और लापरवाह प्रबंधन की कार्यप्रणाली एक बार फिर तब सवालों के घेरे में आ गई ज़ब एक बीमार 55 वर्षीय महिला अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से भर्ती करने की गुहार लगाती रही लेकिन डॉक्टर ने इलाज की खानापूर्ति कर महिला को अस्पताल में भर्ती न कर घर जाने को कह दिया। अस्पताल से घर लौट रही उक्त महिला ज़ब अस्पताल से कुछ दूर पहुंची तो अचानक बेहोश हो गई और मौके पर ही महिला की मौत हो गई। उक्त घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को अस्पताल चौराहे पर रखकर करीब आधे घंटे तक चक्काजाम किया और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक द्वारा समझाने-बुझाने के बाद जाम समाप्त हो सका।





### घर से जीने की चाह में पहुंची अस्पताल, लेकिन नहीं मिला उचित इलाज

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अस्तोन निवासी 55 वर्षीय राधाबाई अहिरवार बुधवार सुबह घबराहट, सिरदर्द और बुखार की शिकायत लेकर अपने पति के साथ जिला अस्पताल पहुंची थीं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उनका परीक्षण किया और दवाइयां लिखकर घर जाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि महिला की हालत ठीक नहीं थी और वह बार-बार खुद को असहज महसूस होने की बात कह रही थीं। इसके बावजूद चिकित्सक ने उन्हें भर्ती नहीं किया। अस्पताल से निकलने के कुछ ही देर बाद, जब राधाबाई स्टेट बैंक चौराहे के पास पहुंचीं, तभी उन्हें अचानक चक्कर आया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। परिजन तत्काल उन्हें वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मौत से गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम, टीआई की सूझबूझ आई काम** महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने शव को अस्पताल चौराहे पर रखकर सड़क जाम कर दी और दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई तथा न्याय की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। चक्काजाम के कारण चौराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को समझाइश दी और निष्पक्ष जांच तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद जाम समाप्त हुआ।

### बीपी सामान्य था, जांच और दवा देकर भेजा गया


जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला ने अपना पक्ष रखते हुये कहा की उक्त महिला की जांच के दौरान उनका ब्लड प्रेशर सामान्य पाया गया था। ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें शुगर टेस्ट कराने की सलाह दी थी और आवश्यक दवाइयां भी लिखी थीं। डॉ शुक्ला ने कहा की महिला की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए तीन डॉक्टरों का पैनल बनाया गया है। जिनके द्वारा महिला का पोस्टमार्टम करके मौत की असल बजह का पता लगाया जा रहा है। और अगर जांच के दौरान महिला इलाज में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### बड़ा सवाल:आखिर जिम्मेदार कौन?

परिजनों ने आरोप लगाया है कि जिला अस्पताल में इलाज के ढुलमूल व लापरवाहीपूर्ण रवैये की बजह से एक महिला को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जिसमें अब जाँच रूपी लीपापोती की जा रही है लेकिन कुछ सवाल अब भी खड़े हुये है जिनका जबाब मिलना चाहिए कि क्या अस्पताल में महिला द्वारा इलाज मांगे जाने के दौरान मरीज की स्थिति का सही आंकलन किया गया था, परिजनों की भर्ती की मांग को क्यों नजरअंदाज किया गया, महिला को कुछ समय के लिये निगरानी में क्यों नहीं रखा गया, क्या जिला अस्पताल में मरीजों की शिकायतों को पर्याप्त गंभीरता से लिया जा रहा है। महिला की मौत मामले ने एक बार फिर जिला अस्पताल की उपचार व्यवस्था और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं।

## कलेक्टर श्रोत्रिय ने दी मंजूरी

# टीकमगढ़ जिले में पीएम राहत योजना का पहला मामला मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध और पारदर्शी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में टीकमगढ़ जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री राहत पीएम राहत योजना के अंतर्गत जिले का पहला प्रकरण स्वीकृत कर दिया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस प्रकरण को मंजूरी देते हुए दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए संचालित डिजिटल व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

बैठक में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए विकसित ई-डीएआर इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट एप्लीकेशन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इसके ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम टीएमएस पोर्टल और पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम पीएफएमएस पोर्टल के साथ एकीकरण की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने बताया कि पीएम राहत योजना में ई-डीएआर और टीएमएस आधारित डिजिटल प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से सड़क दुर्घटना से प्रभावित लोगों की जानकारी, सहायता राशि की प्रक्रिया, भुगतान और निगरानी व्यवस्था को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाया गया है, जिससे पीड़ितों को बिना अनावश्यक देरी के सहायता और उपचार उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अविनाश पाठक और जिला ई-डीएआर समन्वयक रूपेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने पोर्टल के एकीकरण, तकनीकी प्रक्रियाओं, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली तथा मॉनिटरिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना से जुड़े प्रत्येक प्रकरण में डिजिटल प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

# मछलियों के मरने की जांच करने पहुंची टीम

**लुहर्रा तालाब निरीक्षण : जलस्तर मिला बेहद कम, जहरीले पदार्थ या ऑक्सीजन की कमी पर जांच शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के ग्राम लुहर्रा स्थित तालाब में बड़ी संख्या में मछलियों के अचानक मरने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। तालाब में छोटी से लेकर बड़ी मछलियां तक मृत अवस्था में पाई गईं। सूचना मिलते ही कृषि विज्ञान केंद्र और मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में तालाब का जलस्तर अत्यंत कम पाया गया, जिससे ऑक्सीजन की कमी और तापमान में अचानक बदलाव को मछलियों की मौत का संभावित कारण माना जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने तालाब में किसी जहरीले पदार्थ के उपयोग की आशंका भी जताई है।

संयुक्त निरीक्षण दल में कृषि विज्ञान केंद्र के मत्स्य पालन वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार, सहायक संचालक मछली पालन मेघा गुप्ता तथा मत्स्य निरीक्षक पंकज मौर्या शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि तालाब की लगभग सभी मछलियां मर चुकी हैं। अधिकांश मृत मछलियों के मुंह खुले हुए थे और उनसे तेज दुर्गंध निकल रही थी, जो घटना की गंभीरता को दर्शा रही थी।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि तालाब में पानी का स्तर बेहद कम है। विशेषज्ञों के अनुसार कम जलस्तर के कारण सुबह और शाम के समय पानी में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा में भारी उतार-चढ़ाव हो सकता है, जिससे मछलियों का दम घुटने की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा हाल ही में हुई वर्षा से पानी के तापमान में अचानक परिवर्तन भी मछलियों की मौत का कारण हो सकता है। हालांकि निरीक्षण के दौरान गांव के मवेशियों को तालाब का पानी पीते हुए देखा गया, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्तमान में पानी मवेशियों के लिए नुकसानदायक नहीं है। इसके बावजूद अधिकारियों ने एहतियात बरतने की सलाह दी है। घटना के बाद संयुक्त टीम ने ग्रामीणों और मत्स्य पालकों को मृत मछलियों को तालाब किनारे न छोड़ने, बल्कि गड्ढे खोदकर उन्हें गहराई में दफनाने की सलाह दी है। साथ ही संक्रमण रोकने के लिए तालाब के आसपास चूने का छिड़काव करने तथा तालाब के पानी के उपयोग में सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मत्स्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने लोगों से अफवाहों से बचने और घबराने के बजाय वैज्ञानिक सलाह का पालन करने की अपील की है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बी.एस. किरार ने जिले के मत्स्य पालकों से प्रतिदिन तालाबों का निरीक्षण करने और मछलियों के व्यवहार पर पैनी नजर रखने की सलाह देते हुए किसी भी आकस्मिक स्थिति में विशेषज्ञों से तत्काल संपर्क करने का आग्रह किया है।

जिला अस्पताल में पहली बार हुआ सफल थायरॉइड ऑपरेशन

# दो साल से गर्दन की सूजन से जूझ रही 55 वर्षीय महिला की जटिल सर्जरी सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला चिकित्सालय ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। जिला अस्पताल में पहली बार किसी मरीज का सफलतापूर्वक थायरॉइड ऑपरेशन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 55 वर्षीय महिला मरीज सोनी अहिरवार की जटिल राइट हेमीथायरॉइडेक्टॉमी सर्जरी सामान्य बेहोशी जनरल एनेस्थीसिया के तहत सफलतापूर्वक संपन्न कर नई उपलब्धि हासिल की है।

जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय सोनी अहिरवार पिछले लगभग दो वर्षों से गर्दन के दाहिने हिस्से में थायरॉइड ग्रंथि की सूजन की समस्या से पीड़ित थीं। लगातार बढ़ रही सूजन के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच, परीक्षण और चिकित्सकीय मूल्यांकन करने के बाद ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। इस जटिल शल्यक्रिया का नेतृत्व वरिष्ठ सर्जन डॉ. मनोज गुप्ता ने एनीस्थिसिया डॉक्टर हरिबल्लभ बड़गैया की कड़ी निगरानी में किया। ऑपरेशन के दौरान डॉ.



विजय जैन, डॉ. खुशाल भावसार, डॉ कीर्ति पूरईया और डॉ. रिया कांठेल ने सहायक सर्जन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, मरीज को सामान्य बेहोशी देने और ऑपरेशन के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन की जिम्मेदारी डॉ. एचवी बड़गैयाँ ने संभाली। ऑपरेशन थिएटर के स्टाफ ने भी पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। शल्यक्रिया के दौरान चिकित्सकों ने मरीज की गर्दन से लगभग 8×8 सेंटीमीटर आकार की थायरॉइड ग्रंथि को सफलतापूर्वक निकाल लिया। निकाली गई ग्रंथि को आगे की जांच के लिए हिस्टोपैथोलॉजिकल एग्जामिनेशन एचपी हेतु भेजा गया है, ताकि उसकी प्रकृति और संभावित कारणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सके। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है और मरीज की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। जिला चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा मरीज की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला चिकित्सालय में पहली बार इस प्रकार की सफल थायरॉइड सर्जरी होने से न केवल अस्पताल की विशेषज्ञता में वृद्धि हुई है, बल्कि अब जिले के मरीजों को ऐसी जटिल सर्जरी के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाली साबित हो सकती है।

### क्या है राइट हेमीथायरॉइडेक्टॉमी

जिला अस्पताल के डॉक्टर्स ने बताया कि राइट हेमीथायरॉइडेक्टॉमी एक शल्यक्रिया है, जिसमें थायरॉइड ग्रंथि के दाहिने हिस्से को निकाला जाता है। यह ऑपरेशन आमतौर पर थायरॉइड में गांठ, सूजन, ट्यूमर या अन्य असामान्य वृद्धि होने पर किया जाता है। समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

### लव मैरिज के छह माह बाद टूटा रिश्ता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में लव मैरिज के बाद पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट और ससुराल पक्ष को धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला चौबयाना निवासी सूरज कुशवाहा पुत्र कैलाश कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री लक्ष्मी ने करीब छह माह पूर्व मोहल्ला तालाबपुरा निवासी सुनील कुशवाहा उर्फ लिल्ले पुत्र चंदन कुशवाहा के साथ प्रेम विवाह किया था। शिकायत के अनुसार 13 जून 2026 को सुनील कुशवाहा ने लक्ष्मी के साथ मारपीट की, जिसकी सूचना युवती ने अपने पिता को दी।

# डिजिटल पुलिसिंग में जिला नंबर-1, सीसीटीएनएस रैंकिंग में मारी बाजी

## टीमवर्क का मिला पुरस्कार, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आधुनिक और तकनीक आधारित पुलिसिंग की दिशा में टीकमगढ़ पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। अपराध एवं अपराधियों की निगरानी के लिए संचालित सीसीटीएनएस क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले ने रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी सीसीटीएनएस ऑपरेटरों और संबंधित पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित विशेष बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थानों और इकाइयों में पदस्थ सीसीटीएनएस ऑपरेटरों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, तकनीकी दक्षता और टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है और सीसीटीएनएस प्रणाली अपराध नियंत्रण, अनुसंधान, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। बैठक के दौरान सीसीटीएनएस कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भविष्य में भी इसी लगन, जिम्मेदारी और गुणवत्ता के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। एसपी मंडलोई ने सभी ऑपरेटरों को डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने, समयबद्ध प्रविष्टियां करने और तकनीकी दक्षता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए, ताकि टीकमगढ़ जिला भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की इस परंपरा को कायम रख सके। उन्होंने कहा कि किसी भी उपलब्धि के पीछे टीमवर्क, अनुशासन और निरंतर प्रयास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि तकनीक और समर्पण का समन्वय ही आधुनिक एवं प्रभावी पुलिसिंग की पहचान है। सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल कर टीकमगढ़ पुलिस ने फिर यह साबित कर दिया कि तकनीक, पारदर्शिता और उत्कृष्ट सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता मजबूत हो रही है।



## अज्ञात व्यक्ति ने दी जान से मारने की धमकी

# घर के बाहर से बाइक गायब, सुबह आया फोन, मोटरसाइकिल पड़ी है कुएं में..



**टीकमगढ़।** जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोरपरिया में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल रातोंरात गायब हो गई और अगले दिन एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बाइक के कुएं में पड़े होने की जानकारी देते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दे डाली। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसडीओपी जतारा को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार ग्राम गोरपरिया निवासी प्रह्लाद अहिरवार ने बताया कि 10 जून की रात करीब 8 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल एमपी-36-एमडी-2377 को घर के बाहर लॉक करके खड़ा कर दिया था और सोने चले गए। सुबह करीब 5 बजे जब वे बाहर आए तो मोटरसाइकिल गायब थी। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि रात करीब 10 बजे तक मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी। इसके बाद वह कहां गई, किसी को जानकारी नहीं थी। काफी तलाश के बावजूद जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने चंदेरा थाने में सूचना दी। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उसी दिन सुबह करीब 11 बजे उनके पिता के मोबाइल पर 7089779784 नंबर से एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उनकी मोटरसाइकिल घर के पीछे स्थित कुएं में फेंक दी गई है। आरोप है कि फोन करने वाले ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और यह कहते हुए कॉल काट दिया कि इस नंबर पर वापस फोन न किया जाए। पीड़ित का आरोप है कि चंदेरा थाने में आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसी कारण उन्होंने एसडीओपी जतारा को आवेदन देकर अज्ञात व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## आधुनिक गाड़ियां पहुंचीं जिले में, आपदा, कानून व्यवस्था व अभियानों में मिलेगी रफ्तार

# पुलिस को मिली सौगात, बेड़े में ट्रक व दो नई बोलेरो शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा पुलिसिंग को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करने की दिशा में टीकमगढ़ पुलिस को बड़ी सौगात मिली है। पुलिस मुख्यालय ने जिले को एक नवीन टाटा ट्रक और दो नई महिंद्रा बोलेरो वाहन उपलब्ध कराए हैं। इन वाहनों के शामिल होने से पुलिस बल की त्वरित तैनाती, संसाधनों के सुरक्षित परिवहन और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के प्रयासों से प्राप्त इन वाहनों में टाटा कंपनी के ट्रक की अनुमानित कीमत लगभग 19.99 लाख रुपये है, जबकि महिंद्रा कंपनी की दो बोलेरो वाहनों की कीमत लगभग 8.68 लाख रुपये प्रति वाहन है। कुल मिलाकर करीब 37 लाख रुपये की लागत से मिले ये आधुनिक वाहन पुलिस के लिए नई ताकत साबित होंगे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में एसपी मंडलोई ने नवीन वाहनों का विधिवत पूजन एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहनों में उपलब्ध सुरक्षा एवं सुविधाजनक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को साथ लेकर नवीन वाहनों में शहर भ्रमण भी किया तथा उनकी कार्यक्षमता और संचालन क्षमता का प्रत्यक्ष परीक्षण किया।

नवीन टाटा ट्रक में पुलिस सामग्री और आवश्यक उपकरणों के सुरक्षित परिवहन के लिए विशाल लोडिंग क्षमता, मजबूत बॉडी संरचना, लंबी दूरी के संचालन के अनुकूल डिजाइन, आधुनिक ब्रेकिंग सिस्टम और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित उपयोग की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह वाहन कानून व्यवस्था ड्यूटी, विशेष अभियानों और राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं, महिंद्रा बोलेरो वाहन पुलिस बल की त्वरित आवाजाही के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होंगे। इनमें आरामदायक बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक जाली, वातानुकूलित एसी सुविधा, आवश्यक उपकरण रखने के लिए पर्याप्त स्थान तथा दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुगम संचालन की क्षमता उपलब्ध है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित ये वाहन पुलिस बल की कार्यकुशलता को नई गति प्रदान करेंगे और कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा विशेष पुलिस अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, व्यवस्थित और त्वरित पुलिसिंग के लिए आधुनिक संसाधनों का होना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस ने इन नवीन वाहनों की उपलब्धता पर पुलिस मुख्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि आधुनिक संसाधनों की यह सौगात जिले में शांति, सुरक्षा और बेहतर पुलिस सेवाओं को प्रभावी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

## नालों के बजाए रोड पर भर रहा पानी, बस्तियां भी हो रही जलमग्न

# सुविधा देने के बजाए नागरिकों को परेशानी में डाल रहे नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एनएच 552 रोड निर्माण के कारण पाली से गोरस तक जो सड़क बनाई गई है, उससे कई गांवों में पानी निकासी नहीं होने की समस्या पैदा हो गई है। सबसे अधिक स्थिति तो शहरी क्षेत्र में खराब हुई है यहां सड़क के दोनों ओर नाले इतने ऊंचाई पर बना डाले कि बस्तियों के भीतर से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा था अब लोग जल भराव की समस्या से परेशान हैं. बाजार में भी नाले सड़क से उंचे उठाकर बनाने से बारिश का पानी नालों के बजाए सड़क पर होकर अधिक बह रहा है।



एनएच द्वारा पाली रोड जाट खेड़ा से शिवपुरी रोड ईको सेंटर के आगे तक सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ रोड के दोनों साइड में नाले बनाए गए हैं इन नालों की ऊंचाई कई जगह इतनी अधिक हो गई है कि बारिश का पानी नालो में प्रवाहित होने के बजाए सड़क से होकर बह रहा है. जिससे शिवपुरी रोड स्टेडियम के सामने सड़क पर और पाली रोड पर कई जगह बारिश का पानी सड़क पर भर रहा है. सड़क और नालो की ऊंचाई अधिक होने से बारिश होने पर कई बस्तियां जलमग्न हो रही है नगरपालिका के भी समझ में नहीं आ रहा है कि वो बस्तीयों में हो रहे इस जल भराव की स्थिति से कैसे निपटे

### नपा को लेना पड़ रहा मड पंप का सहारा

जो बस्तियां सड़क और नाला बनने से नीचे रह गई है उन बस्तियों में लोगों को जल भराव की स्थिति से दो-चार होना पड़ रहा है. वार्ड वासियों को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका को मडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है इन बस्तियों में पानी निकासी की सुविधा नहीं होने से नगर पालिका मंड पंप से पानी टैंकर में भरकर बाहर लाकर फेक रही है जिससे एक घंटे के काम में 10 घंटे से भी अधिक समय लग रहा हैं और पानी खाली होने के बाद जब बारिश आती है तो फिर लोगों को उस स्थिति से फिर दो-चार होना पड़ता है.

### इन बस्तियों और ऑफिसों में आई परेशानी

पाली रोड स्थित पीजी कॉलेज पुलिस पेट्रोल पंप, देहात थाना, महिला थाना, आजाक थाना के सामने सड़क ऊंची होने के कारण जल भराव जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। शिवपुरी रोड पर व्यवसायिक औद्योगिक बैंक के पास से निकला रोड तो नाले से दो फीट नीचा हो गया, बालापुरा रोड, विकास नगर, अग्रसेन कॉलोनी की सड़क ऊंची होने से रास्ते तक बंद हो गए हैं और लोगों को जल भराव की स्थिति से दोचार होना पड़ रहा है.

### परेशानी आई है

एनएच सड़क व नाले ऊंचे बन जाने से शहर की कई बस्तियों में पानी निकासी की परेशानी आ गई है बारिश में ऐसी बस्तियों में पानी निकासी के लिए मड पंप का सहारा लेना पड़ रहा है साथ ही इंजीनियर को निर्देशित किया है कि वह ऐसी बस्तियों में स्थाई रूप से पानी निकासी के लिए डीपीआर बनाएं

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## वर्तमान में जिला मलेरिया अधिकारी की जिम्मेदारी संभाले हैं डॉ बिंदल

# डॉ बिंदल बने जिला अस्पताल श्योपुर के नए सिविल सर्जन, आज संभालेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिला अस्पताल के नए सिविल सर्जन अब डॉ एसएन बिंदल होगे। भोपाल स्तर से इस तरह का आदेश जारी हो गया है। आदेश जारी होने के बाद डॉ बिंदल गुरूवार को विधिवत रूप से सिविल सर्जन का पदभार ग्रहण करेगे। दरअसल डॉ आरबी गोयल फिलहाल श्योपुर जिला अस्पताल में सिविल सर्जन का जिम्मेदारी संभाल रहे है। बुधवार को भोपाल स्तर से जारी हुए आदेश में श्योपुर जिले में जिला मलेरिया अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ एसएन बिंदल को श्योपुर जिला अस्पताल का सिविल सर्जन बना दिया गया है। नव नियुक्त सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि वे गुरूवार को सिविल सर्जन का पदभार संभालेगे। उन्होने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिला अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे, इसके साथही जिला अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ की संख्या बढ़ाए जाने के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। ताकि जिला अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ की संख्या बढ सके। उन्होने बताया कि जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मुहैया हो यही मुख्य उद्देश्य रहेगा, वहीं रेफरल सिस्टम की स्थिति जीरो करने की दिशा में प्राथमिकता से काम करेगे।



## प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद कलेक्टर ने जारी किया ट्रांसफर आदेश

# 29 पटवारी इधर से उधर, विनोद डंडोतिया को मिली श्योपुर हल्का पटवारी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शासन के निर्देश और प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिले के 29 पटवारियों के जिला स्तर पर ट्रांसफर कर दिए है। जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के उपरांत कलेक्टर के द्वारा यह ट्रांसफर सूची जारी की गई है। इस दौरान शहर श्योपुर पटवारी हल्का की जिम्मेदारी विनोद डंडोतिया को सौंपी गई है।




कलेक्टर द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक पटवारी शिवचरण खरे को तहसील वीरपुर से श्योपुर, कविता अग्रवाल को तहसील बडौदा से श्योपुर, अदिति शर्मा को तहसील विजयपुर से श्योपुर, परिमाल सिंह सौलंकी को तहसील विजयपुर से श्योपुर, सुबोध भगत को तहसील श्योपुर से कराहल, शिवशंकर दाधीच को पटवारी हल्का मेवाडा से माखनाखेडली, पुरूषोत्तम राठौर को तहसील श्योपुर से वीरपुर, नीरज सक्सैना को तहसील श्योपुर से कराहल, विनोद डंडोतिया को पटवारी हल्का नागदा से पटवारी हल्का कस्बा श्योपुर,प्रमोद शर्मा को यथावत, बनवारी लाल शाक्य को श्योपुर से बडौदा, वीर सिंह पिप्पल को वीरपुर से श्योपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं पटवारी रोशनलाल सनेरिया को बडौदा से कराहल, अशोक कुशवाह को कराहल से वीरपुर, नरेन्द्रपाल सिंह रूहल को कराहल से विजयपुर, बृजेश तोमर को कराहल से वीरपुर, भगवती शर्मा को कराहल से विजयपुर, सोहन मीणा को श्योपुर से विजयपुर, रामअवतार सुमन को श्योपुर से विजयपुर, ममता सुमन को श्योपुर से बडौदा, प्रीति रावत को श्योपुर से विजयपुर, अमरेश मीणा को श्योपुर से कराहल, मिथलेश आदिवासी को श्योपुर से कराहल, वेदप्रकाश ओढ को श्योपुर से वीरपुर, संजय रावत को बडौदा से श्योपुर, हरिकिशन देवरिया को कराहल से बडौदा, जैमिनी पंत को कराहल से विजयपुर, रागिनी बंसल को बडौदा से श्योपुर तथा लीला आदिवासी को बडौदा से श्योपुर तहसील में पदस्थ किया गया है।

## समारोहपूर्वक जन कल्याण शिविरों का समापन किया

# लोगों को काम के लिए भटकना न पड़े इसकी चिंता सरकार ने की: शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोगों को जन कल्याणकारी योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को ना तो सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़े ना ही किसी एजेंसी के पास जाकर परेशान होना पड़े. इस उदेश्य से सरकार समय समय पर जन कल्याणकारी शिविरों का आयोजन करती है जिसके तहत पात्र हितग्राहियों से मौके पर ही आवेदन लेकर उनकी सारी समस्याओं का निराकरण घर बैठे किया जाता है यह शिविर बस्ती बस्ती गांव गांव लगाए जाते हैं ताकि लोगों को शिविरों में भी जाने के लिए परेशान ना होना पड़े. यह बात नपा सभागार में 12 से 18 जून तक चले जनकल्याण शिविर के समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने मुख्य अतिथि की हैसियत से कार्यक्रम में आए हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहीं. इस दौरान विभिन्न कल्याणकारी योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को वितरण किया गया. अन्य स्थानों पर भी शिवरों का आयोजन समापन समारोह पूर्वक हुआ।



समापन समारोह में अध्यक्ष के उद्बोधन देते हुए नपा अध्यक्ष रेनू राठौर ने बताया कि शिविर में जो आवेदन प्राप्त हुए थे उनमें से अधिक आवेदनों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया है कई विधवा महिलाओं को कल्याणी पेंशन बुजुर्गों और दिव्यांग जनो को सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने के साथ कई बेरोजगार युवाओं को बैंकर्स के माध्यम से लोन स्वीकृत करवाए गए हैं. इसके अलावा जितने भी आवेदन आए थे लगभग सभी को लाभ दिया गया है किसी को उक्त योजना के लिए कहीं भटना नहीं पड़ेगा. कुछ आवेदन राज्य स्तर की समस्या से जुड़े थे जिन्हें भोपाल भेज दिया गया है उनका निराकरण राजधानी से ही होगा इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग और विभिन्न पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### रसोइयाओं ने दिखाए पाक कला में हाथ



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगरपालिका ऑडीटोरियम में पाक कला प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में भोजन पकाने वाली 45 रसोईयाओं ने भागीदारी की डीपीसी भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि कड़े कम्पिटिशन में महिलाओं ने आपने हाथों से 362 व्यजंन बनाये जिन्हें आमंत्रण पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण आदि ने भी चखा. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय नबंर पर रही रसोईया को पुरस्कार दिए गए. जिसमें मनीषा नागर प्रथम स्थान प्रा०वि० इन्द्रपुरा (राशि 5000 रुपए ) को दिया गया।

## रिशु कुमार सुमन का भी तबादला किया

# अंब का ट्रांसफर, श्यामबाबू होंगे श्योपुर के नए जिला कार्यक्रम अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग श्योपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र अंब का ट्रांसफर हो गया है। उनकी जगह श्यामबाबू खरे श्योपुर के नए जिला कार्यक्रम अधिकारी होगे। इसके साथही श्योपुर में पदस्थ सहायक संचालक रिशु कुमार सुमन का गुना जिले में ट्रांसफर हो गया है।

दरअसल इन दिनों प्रदेश में तबादले की बयार चल रही है। तबादले की बयार के दौरान श्योपुर में पदस्थ महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र अंब का भिंड जिले में ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह राजगढ जिले में पदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी श्यामबाबू खरे को श्योपुर जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है। लेकिन श्योपुर से गुना ट्रांसफर किए गए सहायक संचालक रिशु कुमार सुमन की जगह किसी दूसरे अधिकारी की पदस्थी श्योपुर जिले में नहीं की गई है।

# सलापुरा और धानमिल फीडर से आज बंद रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लाइन मेंटीनेंस होने के कारण 33 केव्ही फीडर अंतर्गत शहर श्योपुर के सलापुरा एवं धानमिल फीडर से 18 जून को प्रातः 07 बजे से प्रातः 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से वार्ड नंबर 14,15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी, बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, गांधीगर, खरंजा रोड, जयश्री पैलेस कॉलोनी, पीली कोठी, चंबल कॉलोनी, नर्सरी के सामने, पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने, जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहनजी की बगीची, महाराणा प्रताप नगर, नागदा रोड, मजिस्द के पीछे, चिंताहरण मंदिर के पीछे, कैनरा बैंक गली, मधुवन नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी, प्राची नगर, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, रेलवे फाटक, एफसीआई गोदाम एरिया में 18 जून को प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

## यात्री प्रतिक्षालयों के उड़ जाने से यात्रियों को हो रही असुविधाएं

# तूफान में उखड़कर गिरे विधायक निधी से बने यात्री प्रतीक्षालय, कोई नहीं सुध लेने वाला



### इनका कहना...

पिछले दिनों आए तूफान के कारण जहां जहां विधायक निधी से लगे यात्री प्रतिक्षालय उखड गए है,उनकी जानकारी लेकर उन्हें ठीक करवाकर वापस स्थापित करवाया जाएगा। ताकि यात्रियों को सुविधा मिलती रहे।

**हंसराज मीणा**
**विधायक प्रतिनिधी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ग्रामीण क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा के लिए विधायक निधी से लगाए गए कई यात्री प्रतिक्षालय पिछले दिनों आए तूफान के कारण उखडकर गिर गए है। जिनकी सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में उखडे पडे इन यात्री प्रतिक्षालयों पर खर्च की गई राशि अनुपयोगी साबित होकर रह गई है। वहीं इनके उखडे जाने से यात्रियों को बैठने के लिए खासी परेशानी उठानी पड रही है।

वैसे तो जिले के दोनो विधायक श्योपुर और विजयपुर ने अपने अपने क्षेत्र में कई जगह यात्री प्रतिक्षालय अपनी अपनी विधायक निधी से लगाए है। लेकिन सबसे श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लगाए है। इसके पीछे विधायक की यह सोच थी कि इन यात्री प्रतिक्षालयों के बन जाने से ग्रामीणों को यात्री साधनों का इंतजार करने में सहूलियत होगी। क्योंकि वे इन यात्री प्रतिक्षालयो में बैठक कर धूप और बारिश से बचते हुए साधनों का इंतजार कर सकेगे। लेकिन पिछले दिनों जिले में आए तूफान के दौरान कई जगह के यात्री प्रतिक्षालय उखडकर गिर गए है। गिरिजाशंकर मीणा, सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि उखडे पडे इन यात्री प्रतिक्षालयों की कोई सुध लेने वाला नजर नहीं आ रहा है। जिसके चलते कई जगह इन यात्री प्रतिक्षालयों को असामाजिक तत्वों ने गायब भी कर दिया है।

## विधवा बुआ ने एसपी को आवेदन सौंपकर लगाई कार्रवाई की गुहार

# अनपढ़ विधवा बुआ के बैंक खाते से भतीजे ने धोखाधड़ी कर निकाले 2.15 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक अशिक्षित विधवा महिला के बैंक खाते से उसी के भतीजे ( भाई का लडका ) ने धोखाधडी करके 2 लाख 15 हजार रूपए की राशि निकाल ली है। जिसका पता बुआ को तब चला,जब उसने अपने बैंक खाते में मौजूद राशि चैक करवाई। इस मामले में विधवा महिला ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल को एक आवेदन सौंपकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। साथही यह भी आरोप लगाया है कि उसकी बडौदा थाने में सुनवाई नहीं की गई है।




बडौदा तहसील के ग्राम पहेला निवासी विधवा महिला ललिता पत्नी स्व लक्ष्मण जाटव ने एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि ग्राम मूंडला निवासी बंटी पुत्र पप्पू जाटव उसका भतीजा है और वह उसकी बुआ लगती है तथा वह विधवा होने के साथ साथ अशिक्षित भी है। पति की हत्या हो जाने के उपरांत उसे शासन की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। जो उसके बडौदा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मौजूद बैंक खाते में भेजी गई है। मेरी जानकारी के बिना मेरे भतीजे बंटी जाटव ने अपना मोबाइल नंबर मेरे बैंक खाते में लिंक करा दिया है। जिसकी जानकारी मुझे नहीं दी गई।इसके बाद मेरे बैंक खाते से बंटी के द्वारा अलग अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शनो के माध्यम से लगभग 2 लाख 15 हजार रूपए की राशि खुद के बैंक खाते में पहुंचा दी गई। पीडिता महिला का कहना है कि इस धोखाधडी का पता मुझे मेरा बैंक खाते में मौजूद राशि को चैक कराने के दौरान चला। बैंक में राशि चैक कराने के दौरान बैंककर्मियों ने मुझे बताया कि मेरे खाते में जो मोबाइल नंबर लिंक है,उसी मोबाइल नंबर के जरिए यह राशि ऑनलाइन निकालकर दूसरे खाते में भेजी गई है। पीडित महिला ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि उसके बैंक खाते से निकाली गई राशि उसे वापस दिलवाए जाए और दोषी व्यक्ति के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए।

### इधर पत्नी की पति और देवर ने मिलकर कर दी मारपीट

बडौदा कस्बे में एक महिला की उसके पति और देवर ने मिलकर मारपीट कर दी। मारपीट से गुस्साई महिला ने भी बडौदा थाने पहुंचकर पति और देवर पर एफआईआर दर्ज करवा दी।पुलिस के मुताबिक बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 4 निवासी दीपचंद्र प्रजापति और उसकी पत्नी लक्ष्मी बाई के बीच बीती शाम को मिट्टी के वर्तन पकाने वाली भट्टी घर के बाहर लगाने की बात को लेकर विवाद हो गया। गाली गलौच से शुरू हुआ विवाद इतना बढ गया कि महिला लक्ष्मी बाई की उसके पति दीपचंद्र प्रजापति और देवर लेखराज प्रजापति ने मिलकर थाप घूसो से मारपीट कर दी। जिससे महिला लक्ष्मी बाई चोटिल हो गई। इस मामले में पुलिस ने लक्ष्मी बाई की रिपोर्ट पर पति और उसके देवर पर मारपीट की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी पर परिजनों ने दर्ज करवाई एफआईआर

प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर आना प्रेमी को तब महंगा पड गया,जब प्रेमिका के परिवार के लोगो ने उसे पकडकर लिया और फिर थाने में उसके खिलाफ घर में घुसकर छेडछाड की रिपोर्ट दर्ज करा दी।यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि जौरा निवासी अन्नू उर्फ अनीश खान विजयपुर थाना क्षेत्र निवासी अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए अचानक उसके घर पहुंच गया। लेकिन उसे वहां प्रेमिका के घर वालों ने दबोच लिया और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इसके साथही उसके खिलाफ नाबालिग बालिका से घर में घुसकर छेडछाड करने की एफआईआर दर्ज करवा दी।

### कार्रवाई करेगे

बैंक खाते से धोखाधडी करके रूपए निकाल लिए जाने के मामले की मुझे जानकारी नहीं है,लेकिन यदि ऐसा कुछ हुआ है तो इसकी जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अवनीत शर्मा**
**एसडीओपी बडौदा**

# रेत माफिया ने डंप करके रखी 8 लाख रुपए कीमत की रेत प्रशासन ने जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनो अवैध रेत कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त बना हुआ नजर आ रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को वीरपुर थाना क्षेत्र में राजस्व, वन विभाग और पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रेत माफिया के द्वारा डंप करके रखे रेत के ढेरो को जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिला दिया है। मिट्टी में मिलाई गई रेत की कीमत करीब 8 लाख रूपए के आसपास बताई गई है। इस कार्रवाई से रेत माफिया में हडकंप की स्थिति बन गई है। वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल ने बताया कि यह कार्रवाई तहसीलदार वीरपुर और रेंज आफिसर वीरपुर की उपस्थिति में संयुक्त रूप से अंजाम दी गई है। चंबल नदी से किसी भी कीमत पर अवैध रेत की निकासी नहीं होने दी जाएगी।



### भारतीय किसान संघ ने नारेबाजी कर कराहल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

श्योपुर। भारतीय किसान संघ की कराहल तहसील इकाई ने बुधवार को नारेबाजी करते हुए कराहल तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है और खेतो पर जाने वाले रास्तो से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। किसान संघ के जिलाअध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पूरी तरह खुर्द बुर्द हो गए हैं। इस संबंध में भारतीय किसान संघ बार-बार पत्र के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराता रहा है,लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। ज्ञापन के दौरान खाद वितरण सहित अन्य कई समस्याओ को लेकर भी आवाज उठाई गई है।ज्ञापन सौपने के दौरान किसान संघ जिला उपाध्यक्ष मुकेश पालीवाल तहसील अध्यक्ष सियाराम गुर्जर मंत्री निसारखान, बृजमोहन गुर्जर जगदीश यदुवंशी भूपत यादव महावीर गुर्जर आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### पिकअप वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** सेहराई थाने के अंतर्गत चंदेरी मुंगावली मार्ग पर ग्राम साजनमउ के समीप एक पिकअप वाहन ने रवि पुत्र शिवलाल अहिरवार उम्र 27 साल निवासी कर्रा डोंगरा को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पूजा कॉलोनी अशोकनगर निवासी अनिल पुत्र छोटेलाल पाल उम्र 35 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### 70 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने प्राणपुर निवासी सुदीप साहू उम्र 30 साल के पास से 70 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है, जो मुरादपुर में श्रीराम साहू के खेत पर बेचने के लिए वहां पर रखकर बैठा था। पुलिस ने आवकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार सेहराई पुलिस ने अचलगढ़ निवासी अजित पाल और बलिया मोहल्ला निवासी रविन्द्र यादव के पास से 5-5 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति हेतु आवेदन 30 जून तक

**अशोकनगर।** पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के सत्र 2025-26 के आवेदनों की अंतिम तिथि 30 जून 2026 की गई है। सत्र 2025-26 में नवीन/नवीनीकरण विद्यार्थी नियत तिथि तक आवेदन करना सुनिश्चित करें।

### कृषक बीज खरीदते समय रखे सावधनियां

**अशोकनगर।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अमित भदौरिया ने जिले के समस्त कृषक भाईयो को सलाह दी गई है कि खरीफ सीजन हेतु फसलों धान, मक्का, सोयाबीन, उड़द एवं मूंग फसलो के बीज अधिकृत बीज विक्रेताओ से ही खरीदे तथा खरीदे गये बैग/पैकेट पर लगे हुये टैग एवं लॉट नम्बर की जांच कर लें। एवं दुकानदार से बिल अवश्य ले। खरीदे गये बीज का बुबाई के पूर्व अकुंरण परीक्षण आवश्य कर ले। बीज विक्रेता द्वारा बीज के साथ किसी भी प्रलोभन या उपहार का लालच दिया जाये तो झांसे न आय। ग्राम का कोई व्यक्ति या कंपनी अवैध रूप से बीज/खाद भडारित कर बिना बिल के विक्रय कर रहे हो तो उनसे खाद/बीज न खरीदे एवं इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग को दे।

### माधौपुर में मकान की छत गिरने से मां और बेटे की मौत



**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम माधौपुर में पानी से बचने के लिए घर के बाहर सो रहे मां और बेटे जैसे ही घर के अंदर गए बारिस के शुरू होती ही मकान की जर्जर छत नीचे आ गिरी। जिस समय यह घटना हुई उस समय मां बेटा घर में अकेले थे, दोनों की छत नीचे गिरने से मौत हो गई थी। जब पति अपनी दुकान बंद कर घर लौटा तो उसकी पत्नि और बेटे का शव पड़ा था। इस घटना में ममता लोधी पत्नि महेन्द्र लोधी उम्र 34 साल और नंदकुमार लोधी उम्र 08 साल शामिल हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि महेन्द्र लोधी अपने बड़े भाई के साथ कदवाया में खाने की दुकान चलाता है। दुकान पर उसके साथ बड़ा बेटा बलराम बैठा हुआ था जिसकी उम्र 11 साल है, जब वह रात को 11 बजे दुकान बंद कर घर पहुंचे तो मकान की छत टूटी हुई मिली, उन्होंने तत्काल परिवार जनों को सूचना दी, गा्रमीण मौके पर पहुचे। छत के मलवे में मां और बेटे के शव नीचे दबे हुए थे, जिन्हे मलबे से निकालकर ईसागढ की अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

### बीना पुलिस ने आदतन आरोपी को कार्रवाई के दौरान दबोचा

# दो गांजा तस्कर गिरफ्तार, 1.405 किलोग्राम गांजा और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



पुलिस ने दो आरोपियों को 1 किलो 405 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जब्त किए गए गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 40 हजार बताई जा रही है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया सागर पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाते हुए अपराधों के पूर्व रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी तथा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अजय सनकत के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आदतन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध गांजा जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया 16 जून की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की बाइक क्रमांक एमपी 15 एनसी 2094 से 2 व्यक्ति शब्दा पुलिया के पास अवैध मादक पदार्थ (गांजा) लेकर बिक्री करने की फिराक में आने वाले हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गोकल पिता लोकमन अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रगोली, थाना सानौधा, जिला सागर एवं हीरालाल पिता थोबन अहिरवार उम्र 66 वर्ष निवासी भीम वार्ड बीना बताया गया। विधिवत तलाशी लेने पर बाइक की डिक्की से 1 किलोग्राम 405 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 40 हजार एवं पकड़ी गई बाइक की अनुमानित कीमत करीब 60 हजार है, भी जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड- थाना प्रभारी ने बताया दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं तथा पूर्व में भी गांजा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। गोकल पिता लोकमन अहिरवार के विरुद्ध थाना सानौधा एवं थाना मोतीनगर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पूर्व से कई प्रकरण दर्ज हैं। वहीं हीरालाल पिता थोबन अहिरवार के विरुद्ध थाना कैंट, सागर एवं थाना बीना में एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में जीआरपी में आरक्षक के पद पर पदस्थ रहा है तथा वर्तमान में सेवानिवृत्त होने के बाद अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त पाया गया है। वह पूर्व में भी गांजा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस द्वारा बरामद गांजे के स्रोत तथा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत विवेचना की जा रही है। सराहनीय भूमिका- कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव, उप निरीक्षक निशांत भगत, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र मिश्रा तथा आरक्षक दीप सिंह भदौरिया, जितेन्द्र चंद्रवंशी, युधिष्ठिर रजक, संदीप यादव, बाबूलाल, राहुल सोलंकी, भूपेन्द्र परिहार, रामाश्रय पाण्डे एवं दिनेश राय की सराहनीय भूमिका रही।

### युवती को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बीना।** ढाई माह पहले खिरिया वार्ड में किराए के मकान में रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी जांच में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया खिरिया वार्ड मे किराए से रह कर प्रायवेट नौकरी कर गुजारा करने वाली युवती ने 30 मार्च को अपने किराए के कमरे मे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली थी और घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला था। पुलिस के द्वारा पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मर्ग कायम किया गया था। साथ ही मिले सुसाइड नोट की जांच की गई। जिसमें युवती के साथ काम करने वाले उमेश चढार ने युवती के नाम से बैंक लोन करा कर स्वंय द्वारा उपयोग किया। जिसकी किस्त युवती भर रही थी। उमेश चढार लोन की किस्त नही भरने की धमकी दे रहा था। जिससे प्रताडित होकर युवती ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली।



जांच के बाद आरोपी उमेश चढार के विरुद्ध अपराध धारा 108 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना दिनांक से आरोपी फरार हो गया था। मुखबिर सूचना पर मंगलवार को आरोपी उमेश पिता प्रमोद चढार उम्र 40 वर्ष निवासी गणेश वार्ड बीना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव, उप निरीक्षक आरके जोरम, उप निरीक्षक निशांत भगत, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र मिश्रा, आरक्षक युधिष्ठिर, दीप सिंह भदौरिया, बाबूलाल, रामाश्रे पांडे एवं नरेन्द्र की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।



# शौर्य और साहस का प्रतीक थे महाराणा प्रताप: पुरोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अथक पथ संग्रहालय के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों में प्रथम दिवस बुधवार को महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन कर नमन किया। महाराजा छत्रसाल की मूर्ति एवं महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष धर्माधिकारी दशरथ लाल पुरोहित, मंडीबामोरा सरपंच दामोदर राय, समाजसेवी राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मदन राजपूत, बीटू राजपूत एवं आयोजक राम शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर रितिका तिवारी, मैंकल रिछारिया, तान्या पाठक, अर्थ सेन, विशाल कुशवाहा, जयदीप राजपूत, सत्यम राजपूत, निवेदिता रावत, हार्दिक रावत और हरी शर्मा ने बुंदेली गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। मुख्य वक्ता दशरथ लाल पुरोहित ने बताया की महाराणा प्रताप के साथ ही उनकी माता भी महान थी जिन्होंने महाराणा प्रताप को बाल्यावस्था में ही वीरता की कहानी सुनाई। महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाई परंतु पराधीनता स्वीकार नहीं की। उनके रोम रोम में स्वाभिमान था। वह शौर्य और साहस प्रतीक थे। उनकी सेवा में ऐसे सैनिक थे जो अपने प्राण निछावर कर देने के लिए तत्पर रहते थे। उनके नाम से मुगलों की सेना थर थर कांपती थी। इस अवसर पर सीताराम चौरसिया ने महाराणा प्रताप पर रचना सुनाई। कार्यक्रम में दादा भाई चौबे, छोटू राजपूत, प्रवीण शर्मा, जगदीश पाराशर, शशि नंदन रावत, अर्पित चौबे, घनश्याम पटेरिया, प्राची जैन, रीना पटेल, पूर्वी ठाकुर, पूजा, मुद्गल, खुशी राजोरिया, आरती कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**अथक पथ संग्रहालय में महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल को किया नमन**

# ईसागढ़ में जन कल्याण शिविर में विधायक ने ग्रामीणों को हितलाभ वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद पंचायत ईसागढ़ प्रांगण में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्जलन एवं पूजा अर्चना कर किया गया।

शिविर मे मुख्य अतिथि जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन हर व्यक्ति को जन्म से लेकर हर परिस्थिति में योजना का लाभ दे रहा है, यही कारण है कि अब सड़क,बिजली, स्कूल, आवास,राशन सहज उपलब्ध हो रहा है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही कर लंबित प्रकरणों का समाधान किया गया जो एक उपलब्धि के रूप में शिविर को सार्थकता प्रदान कर रहा है। शिविर में नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।साथ ही आमजन की समस्याओं का अधिकारियों द्वारा निराकरण कराया गया। शिविर में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ का वितरण किया गया। शिविर के दौरान राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत 20 स्व सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों हेतु 62 लाख रुपए की राशि के स्वीकृति पत्र प्रदाय किए गए। संबल अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि 10 प्रकरणों की 24 लाख का हित लाभ वितरण किया गया। राजस्व विभाग अंतर्गत नामांतरण;बंटवारे,बीपीएल के 7 प्रकरणों का निराकरण शिविर के दौरान किया गया। शिविर में राजस्व,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानकी, स्वास्थ्य, शिक्षा,महिला एव बाल विकास विभाग आदि शामिल थे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर पुष्पांजलि एवं विचार गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में नरसिंह मंदिर पर पुष्पांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नरसिंह मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात विचार गोष्ठी में महाराणा प्रताप जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कुंवर सिंह ठाकुर, रघुवीर सिंह राजपूत, शिवकुमार सिंह ठाकुर, मदन सिंह राजपूत, देवेंद्र सिंह राजपूत, राजाभाई ठाकुर, राजेंद्र सिंह राजपूत, बदन सिंह ठाकुर, बलराम बुंदेला, दादाभाई ठाकुर, तिलक सिंह राजपूत, ब्रजपाल सिंह राजपूत, गोविंद सिंह ठाकुर, सत्यजीत सिंह ठाकुर, तिलक सिंह ठाकुर, विवेक सिंह राजपूत, राजदीप सिंह बुंदेला, सीताराम ठाकुर, विक्रम सिंह ठाकुर, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, आकाश सिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, मोहन सिंह ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, रामस्वरूप सिंह ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, योगेश सिंह राजपूत, प्रहलाद सिंह राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# ईसागढ़ में ग्रामीणों के साथ मनाया बावड़ी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में तृतीय चरण में बावड़ी उत्सव में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर के तूमैन सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुग्या द्वारा ग्राम जुग्या के नवल की बावड़ी में श्रमदान किया गया। साथ ही दीप जलाकर बावड़ी उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने बताया कि प्राचीन बावड़ी हमारी धरोहर है इसको ग्रामीण ही संरक्षित कर सकते हैं। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया विकासखंड में प्राचीन बावड़ियों को श्रमदान कर उनको संरक्षित किया जा रहा है। इस उत्सव में समिति अध्यक्ष नरेंद्र बंजारा,सचिव कृष्णा बाई कुशवाह,सदस्य कल्लू कुशवाह, लल्लू कुशवाह, अरुण, संजीव, जयनारायण,गोविंद सिंह, नबल सिंह, माखन, भागवत, धनपाल, देवेंद्र,अमित कुशवाह,भारत सिंह, गोविंद,तारा बाई,गोपाल सिंह, अमर सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।



# 15 अगस्त तक मत्स्याखेट बैन

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक के लिए मत्स्याखेट पर प्रतिबंध हेतु आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेशानुसार वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजननकाल की अवधि 16 जून से 15 अगस्त तक होने के कारण मध्य प्रदेश शासन नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के ज्ञापन अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी नही है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है को छोडकर समस्त नदियों एवं जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।मध्य प्रदेश मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा-5 के तहत उपबंधो का उल्लंघन करने पर एक वर्ष तक का कारावास या पाँच हजार रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। उक्त अवधि के अनुसार 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक में मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय, विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित रहेगा।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 319 आवेदकों की समस्याएं



**अशोकनगर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा समयबद्ध रूप से हर संभव निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदकों से विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम रतवास निवासी चंदन यादव द्वारा सीमांकन कराये जाने,पिपरई निवासी मदर कटारिया द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम बासखेडी निवासी छोटू आदिवासी द्वारा बिजली कनेक्शन कराये जाने,ग्राम झागर बमुरिया निवासी छोटू आदिवासी द्वारा दिव्यांग पेंशन दिलाये जाने,ग्राम झागर बमुरिया निवासी रागनी आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,शाढौरा निवासी भरोसा द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने,ग्राम ठेका निवासी चंद्रभान यादव द्वारा राशन पात्रता पर्ची दिलाये जाने,ग्राम बंदी निवासी उमाबाई द्वारा बांटाकन कराये जाने,ग्राम ढुडेर निवासी कल्याण यादव द्वारा संबल कार्ड बनवाये जाने,ग्राम कैथन निवासी विहारी लाल पाल द्वारा सीमांकन कराये जाने संबंधी अन्य आवेदन आवेदकों से प्राप्त हुए।

### डीएसओ ने संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# जनभागीदारी समिति विभिन्न मदों में फीस वृद्धि के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लॉ कॉलेज में जनभागीदारी समिति के द्वारा की गई 6962 की फीस वृद्धि के खिलाफ डीएसओ ने विरोध कर संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जनभागीदारी समिति द्वारा विभिन्न मदों में की गई 6962 की फीस वृद्धि को लेकर विरोध जताया गया।

नेहरू पीजी कॉलेज इकाई सचिव शिशुपाल ने बताया कि अभी वर्तमान मे लॉ कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया चल रही हैं, लेकिन इस सत्र 2026-27 में शासकीय लॉ कॉलेज की जनभागीदारी समिति द्वारा विभिन्न मदों में 6962 की भारी फीस वृद्धि की गई है। सत्र 2023-24 में लॉ कॉलेज की फीस 5349 थी। सत्र 2026-27 में फीस में वृद्धि कर के 12311 कर दी गई है। आगे कहा लॉ कॉलेज में की गई यह फीस वृद्धि छात्र विरोधी एवं शिक्षा विरोधी कदम है। सरकारी शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य छात्रों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना होना चाहिए, किंतु जनभागीदारी के नाम पर लगातार फीस बढ़ाकर शिक्षा को आम विद्यार्थियों की पहुंच से दूर किया जा रहा है। अधिकांश छात्र निम्न-मध्यमवर्गीय परिवारों से आते हैं। ऐसे परिवारों के लिए हजारों रुपये की अतिरिक्त फीस का भार वहन करना संभव नहीं है। लॉ में सीट संकुचन की नीति के कारण बमुश्किल प्रवेश मिल पाता है लेकिन फीस वृद्धि हो जाने के कारण जो छात्र पढ़ना चाहते हैं वह पढ़ाई नहीं कर पाएंगे।

एक ओर सरकार सभी के लिए शिक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर लागतार सरकारी कॉलेजों में फीस वृद्धि करके छात्रों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। विभिन्न मदों के नाम पर 6962 की वृद्धि पूरी तरह अनुचित है। इससे छात्र आर्थिक कारणों से अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर होंगे। आगे उन्होंने कहा की चारों तरफ से शिक्षा का निजीकरण, व्यापारिकरण को बड़ावा दिया जा रहा है, बल्कि शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना चाहिए जिससे हर छात्र तक आसानी से पहुँच पाये। लेकिन हम देख रहे हैं दिन प्रतिदिन शिक्षा का व्यवसाय किया जा रहा है।




### खास बातें

- लॉ कॉलेज में जनभागीदारी समिति द्वारा विभिन्न मदों में की गई 6962 की फीस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए।
- छात्रों से लिए जाने वाले अतिरिक्त शुल्कों की जांच कर उन्हें तुरंत रोक लगाएं
- जन भागीदारी फंड में पारदर्शीता लाई जाए।
- लॉ कॉलेज में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ की स्थाई भर्ती की जाए।